हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 22 मई 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

4
शहर को आधुनिक और जनसुविधाओं से समृद्ध बनाने हो रहा प्रयास : ओपी



## खबर संक्षेप

### 25 को प्लेसमेंट कैंप 110 पदों पर होगी भर्ती

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर द्वारा 25 मई सोमवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में चौतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा. लि. एवं बॉम्बे सिक्योरिटी गार्ड द्वारा कुल 110 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। कैंप 25 मई को प्रातः 11:00 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, जशपुर में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चौतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा. लि. में सीआरई ग्राहक संबंध अधिकारी के महिला एवं पुरुष के 20 पदों पर रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। इसी प्रकार बॉम्बे सिक्योरिटी गार्ड में पुरुषों के लिए सुरक्षा गार्ड के 60 और सुपरवाइजर के 30 पदों पर रिक्तियां प्राप्त हुई हैं।

### मवेशी को बचाने के चक्कर में सड़क पर गिरे बाइक सवार

**अम्बिकापुर।** कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरिमा जूनापारा निवासी सुखनाथ आ. स्व. संजीवन (32 वर्ष) दो माह पूर्व ग्राम कछार निवासी जीजा पारसनाथ के यहां काम करने गया था। 13 मई को जीजा पारसनाथ के साथ बाइक से ग्राम कछार जा रहे थे। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर मवेशी के आ जाने से बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठा सुखनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ दिन इलाज कराने के पश्चात परिजन पैसा कम पड़ जाने पर युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### मकानों में भंडारित कर रखा गया 300 बोरी डीएपी खाद जब्त

**राजपुर।** खरीफ सीजन शुरू होने में अभी महीनों का समय है और अभी से ही माफिया व कोचिया खाद के अवैध भंडारण में व्यस्त हो गए है। कोचियों द्वारा इस खाद का उपयोग किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर मोटी कमाई करने के लिए किया जाएगा। अवैध रूप से खाद भंडारित करने का ऐसा ही एक मामला क्षेत्र में सामने आया है। बुधवार को अवैध खाद भंडारण की सूचना पर एसडीएम देवेंद्र प्रधान के निर्देशन में राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम नरसिंहपुर में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बड़ी मात्रा में डीएपी खाद का अवैध भंडारण पाए जाने पर टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान नरसिंहपुर बसंत जायसवाल, छत्रपाल तथा कमलावती जायसवाल के मकानों में 100-100 बोरी डीएपी खाद सहित कुल 300 बोरी खाद भंडारित पाया गया। संबंधित व्यक्तियों से खाद के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ में सभी ने उक्त खाद ग्राम खुखरी निवासी खाद विक्रेता संदीप जायसवाल का होना बताया।

### सब्जी नहीं बनाने को लेकर विवाद में की थी महिला की हत्या

**अंबिकापुर।** 19 मई की सुबह शहर के टीपी नगर कदमपारा स्थित किराए के मकान में एक महिला की अर्धनग्न लाश मिली थी। महिला की पहचान सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम केरजु निवासी 32 वर्षीया सुखमनिया पति जमुना चिकवा के रूप में की गई जो किराए के मकान में पति और दो बच्चों के साथ रहती थी। घटना की सुबह ही पति के काम पर कुसमी जाने की बात भी सामने आई थी। मामले में महिला के चचेरे भाई जशपुर बगीचा निवासी कैलाश राम आ. अघनू ने पुलिस महिला के हत्या की आशंका व्यक्त की गई थी जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसके साथ ही बुधवार को पुलिस ने मृतिका का पीएम कराया जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि महिला की के पसली की हड्डी टूटी हुई थी और फेफड़ा फट गया था जिससे अंदरूनी रक्त स्त्राव हुआ था। पुलिस ने मामले में घेराबंदी कर आरोपी केरजु चैकी के कुमनसिया निवासी 35 वर्षीय जमुआ चिकवा आ. स्व. बिलास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## जशपुर में कई निर्माण स्थलों का किया औचक निरीक्षण

# विकास कार्यों में तेजी लाने कलेक्टर ने विभिन्न स्थलों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने नगर पालिका जशपुर अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने प्रमुख निर्माण स्थलों का निरीक्षण करते हुए कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह निरीक्षण शहर के समग्र विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। कलेक्टर ने रंजीता स्टेडियम के समीप जूदेव चौक में लगभग 60 लाख रुपये की लागत से हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। यहां आकर्षक फव्वारा, सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं की प्रतिकृतियां स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही रोप लाइट से सुसज्जित पेड़, बड़ी घड़ी के साथ सेल्फी प्वाइंट, हरियाली, पेवर ब्लॉक, बैठने की व्यवस्था एवं गेट निर्माण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्य को भव्य और आकर्षक बनाते हुए बारिश से पहले पूर्ण किया जाए।

### जूदेव चौक सौंदर्यीकरण से लेकर ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर और स्वच्छता केंद्र तक किया निरीक्षण



### स्वच्छता प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर ने एस.एल.आर.एम. (सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट) कार्य प्रक्रिया केंद्र का निरीक्षण कर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था का अवलोकन किया। यहां रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल तकनीक के माध्यम से कचरे की छंटाई की जा रही है। उन्होंने स्वच्छता दीदियों से बातचीत कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा उनके स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। केंद्र में निष्ठा ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही है तथा मास्क, दस्ताने, जूते, जैकेट जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्कीकरण, धुलाई एवं साफ-सफाई, यूजर चार्ज कलेक्शन तथा सूखे कचरे की बिक्री की प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। सेनेटरी वेस्ट के निपटान के लिए इंसीनरेटर की व्यवस्था भी की गई है।

### बाधरकोना में 7 करोड़ का ऑडिटोरियम

कलेक्टर ने बाधरकोना में 7 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 300 सीटर ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने फाउंडेशन कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए तहसीलदार को निर्माण क्षेत्र का सीमांकन कर अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। इस ऑडिटोरियम के बनने से सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में शहरवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

### मिलेगा आधुनिक अध्ययन केंद्र

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने 11 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 500 सीटर नालंदा परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि यह परिसर छात्रों को आधुनिक लाइब्रेरी, डिजिटल अध्ययन सुविधा एवं व्यवस्थित पढ़ाई का वातावरण प्रदान करेगा, जो युवाओं के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## आम नागरिकों को मिलेगी 400 प्रकार की डिजिटल सेवाएं

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के नागरिकों को 400 प्रकार की डिजिटल सेवाएं देने के ऐतिहासिक निर्णय के बाद, जिला प्रशासन जशपुर ने इसे जमीनी स्तर कार्य शुरू कर दिया है ।

कलेक्टर श्री रोहित व्यास के कुशल मार्गदर्शन और जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी (DeGS) के तत्वावधान में जशपुर, कांसाबेल और दूरस्थ पहाड़ी विकासखंड बगीचा के ग्राम पंचायत सचिवों हेतु श्सेवा-सेतु पोर्टलश (e-District 2.0) का एक दिवसीय सघन और विस्तृत तकनीकी प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा बचे हुए विकासखंड का प्रशिक्षण आगामी सप्ताह मे पूरा किया जाएगा । इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जशपुर जिले के दूरस्थ ग्रामीण और जनजातीय अंचलों के अंतिम छोर पर बैठे नागरिक को बिना किसी विलंब के शासकीय सेवाओं का त्वरित लाभ प्रदान करना है। पंचायतों को मिली प्रशासनिक और डिजिटल शक्ति प्रशिक्षण सत्र के दौरान ज़िला ई-गवर्नेंस टीम द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को श्सेवा-सेतु पोर्टलश की बारीकियों से अवगत कराया गया। अब तक जिन कार्यों के लिए ग्रामीणों को ब्लॉक या जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती थी, वे कार्य अब ग्राम पंचायत लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन हल होंगे। प्रशिक्षण में सचिवों को मुख्य रूप से निम्नलिखित अनिवार्य नागरिक सेवाओं को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त करने, जांचने और स्वीकृत करने की संपूर्ण लाइव प्रक्रिया सिखाई गईरू जिसमे मुख्य सर्विस विवाह पंजीकरण पत्र जारी करना भूखंड अथवा भवन पर निर्माण/पुनर्निर्माण हेतु आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र, ग्रामीण अधोसंरचना के तहत स्ट्रीट लाइट (बल्ब एवं ट्यूबलाइट बदलना) संबंधी ⏭ शेष पेज 4 पर

## शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए हुई बैठक



**पत्थलगांव।** विकासखंड स्तरीय शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु 21 मई को बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक हाई हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एवं शैक्षिक सामान्यक को शामिल किया गया। सभी के सहयोग से सत्र 2026 27 में विद्यालयों के पंजी संधारण में एकरूपता लाने, संकुल स्तर से निरीक्षण में कसावट लाने एवं बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि करना तथा दर्ज संख्या बढ़ाने पर चर्चा कर रणनीति बनाई गई। शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सबसे पहले विद्यालयों में दर्ज संख्या बढ़ाने बच्चों की नियमित उपस्थिति तथा अभिभावकों से नियमित संपर्क करने पर जोर दिया गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसीसी उपस्थित थे।

## जनजातीय गरिमा उत्सव में शामिल हुईं विधायक गोमती साय

**पत्थलगांव।** ग्राम पंचायत घरजियाबथान एवं ग्राम जोरा डोल में आयोजित जनजातीय गरिमा उत्सव में विधायक गोमती साय शामिल हुईं। इस दौरान ग्रामीणों को हेल्थ स्क्रीनिंग केम्प, आधार कैम्प, आयुष्मान कार्ड के केम्प लगाकर लाभ दिया गया।

जन जातीय गरिमा उत्सव में 3 हितग्राहियों को पेंशन दिया गया। 3 राशन कार्ड वितरण एवं पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोमती साय, जनपद अध्यक्ष घनियारो परहा जिला पंचायत सदस्य सुरचि पैकरा जनपद सदस्य चौहान शहर मण्डल अध्यक्ष अंकित



बसल एसडीएम ऋतुराज बिसेन तहसीदार भीष्म पटेल जनपद सीईओ केके श्रीवास, फूड आफिसर अजय प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी धनेश टेंगवार पीओ घनश्याम सहित सभी विभाग के कर्मचारी एवं 18 ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच क्षेत्र के जनप्रति निधि एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन जन जातीय गरिमा उत्सव में केंद्रीय के जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने उपस्थित रहे।

## 'नशा मुक्ति केंद्र में 1 माह की निःशुल्क पुनर्वास सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 170 हितग्राहियों को मिल चुका लाभ
- केन्द्र में योग भोजन आवासीय सुविधा नि :शुल्क

नशे से पीड़ति व्यक्तियों के लिए जिले में संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में 01 माह का निःशुल्क पुनर्वास कराया जा रहा है। यह केंद्र भागलपुर रोड, रणजीता स्टेडियम के पीछे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने, जशपुर नगर में पिछले 02 वर्षों से संचालित है।

केंद्र अधीक्षक के अनुसार जिले में अब तक कुल 170 हितग्राहियों को नशा मुक्ति हेतु 01 माह का पुनर्वास कराया जा चुका है, जिससे उन्हें बहुत लाभ मिला है। यह केंद्र छ.ग. शासन समाज कल्याण विभाग से मान्यता एवं अनुदान प्राप्त है। यहां निःशुल्क योग, भोजन, आवासीय सुविधा, काउंसिलिंग एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं।

जशपुर जिले के लोगों से अपील है कि नशे में लिप्त व्यक्ति-परिवार नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र जशपुर में भर्ती होकर पुनर्वास का लाभ ले सकते हैं। उक्त संस्था के अधीक्षक श्री नंद कुमार सिंह मोबाइल नंबर 8103110460 से संपर्क किया जा सकता है।

## तहसील कार्यालय परिसर में की मारपीट, मचाया उत्पात

**वाड्रफनगर।** तहसील कोर्ट में सुनवाई के दौरान दो पक्षों के बीच शुरू हुए विवाद में जमकर लाठी डंडा चला। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया और मारपीट की जिससे तहसील और सिविल कोर्ट परिसर में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हुआ। अब मामले में तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने मारपीट करने वाले दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है की वाड्रफनगर तहसीलदार गुरुदत्त पंचभाय के कोर्ट में 19 मई को पक्षकार आवेदक इलियासुद्दीन आ. जलालुद्दीन के विरूद्ध अनावेदक रसीद आ. इलियास, अफजल आ. इलियास, इलियास आ. इस्ताज के प्रकरण की सुनवाई हो रही थी। सुनवाई के दौरान इसी दरम्यान अनावेदक पक्ष के पक्षकार एवं उनके साथ साक्ष्य हेतु उपस्थित गवाहों द्वारा दूसरे पक्ष के अधिवक्ता के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वाद विवाद एवं मारपीट करने लगे। इसके साथ ही कोर्ट रूम से बाहर तहसील एवं सिविल कोर्ट परिसर में दोनों पक्षों द्वारा आपस में मारपीट की गई जिससे परिसर में दहशत का माहौल निर्मित हुआ और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई।

## हितग्राहियों को सौंपी गई प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- किसानों को किसान किताब कार्ड वितरण किया गया

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में सुशासन तिहार अभियान का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस ग्राम पंचायत रेमनें के ग्राम गेड़ई में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला स्तरीय अधिकारियों ने 15 ग्राम पंचायतों के आस पास के ग्रामवासियों को



विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। इस सुशासन तिहार शिविर में कुल 165 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रघुनाथ राम तहसीलदार मनोरा नीतू भगत कृषि विभाग अधिकारी गोविंद राम चौहान मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोशन बरियार एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी दिया गया राजस्व विभाग के द्वारा बी -1 प्रदाय किया गया कृषि विभाग के द्वारा केसीसी प्रदाय किया गया वन विभाग के द्वारा पौधे प्रदाय किया उद्यान विभाग के द्वारा फलदार पौधे प्रदाय किया गया शिक्षा विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ बोर्ड में उत्तीर्ण बच्चे और बच्चियों को प्रोत्साहन के स्वरूप में पुरस्कार प्रदाय किया गया और स्कूल के छोटे बच्चों को जाति निवास भी प्रदाय किया गया खाद्य विभाग के द्वारा नए राशन कार्ड प्रदाय किया गया। शिविर में हितग्राहियों को किसान किताब,राशन कार्ड, बी 1 वितरण किया गया।

### नीट परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को मिलेगा निःशुल्क विषय आधारित मार्गदर्शन

**अम्बिकापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर द्वारा जिले के ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष निःशुल्क मार्गदर्शन कक्षाओं का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है, जो नीट 2026 परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं तथा परीक्षा स्थगित होने के कारण आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली छम्म्ज परीक्षा में शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार विषय आधारित निःशुल्क मार्गदर्शन कक्षाएं 21 मई से मल्टीपर्पज परिसर स्थित एस-30 कैम्पस में प्रारंभ की जाएंगी। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों का पंजीयन 20 मई को प्रातः 7.30 बजे से एस-30 कैम्पस, मल्टीपर्पज स्कूल अम्बिकापुर में किया जाएगा।

## वैज्ञानिकों ने बताया- आधुनिक खेती से बढ़ेगी आमदनी

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में उमड़े किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खेती को लाभ का धंधा बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में चलाया गया "विकसित कृषि संकल्प अभियान"किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आया। 5 मई से 20 मई तक चले इस विशेष अभियान में जिले के सभी विकासखंडों के हजारों किसानों तक सरकार की योजनाओं, आधुनिक खेती की तकनीकों और कृषि नवाचारों की जानकारी पहुंचाई गई। अभियान में किसानों का उत्साह ऐसा रहा कि गांव-गांव में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि और सरपंच शामिल हुए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान का आयोजन कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि महाविद्यालय जशपुर और कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर वैज्ञानिक और तकनीकी खेती से जोड़ना रहा।



### हर किसान का बने किसान क्रेडिट कार्ड

अनुविभागीय कृषि अधिकारी राकेश पैंकरा ने किसानों से शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने की अपील करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों का पंजीकृत होना जरूरी है। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किसानों को जल्द पंजीयन कराने और किसी भी त्रुटि के सुधार के लिए कृषि विभाग से संपर्क करने की सलाह दी।

### किसानों को बताया- कम लागत में ज्यादा उत्पादन का तरीका

अभियान के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राकेश कुमार भगत ने किसानों को आधुनिक खेती के तौर- तरीकों की जानकारी देते हुए कहा कि अब समय बदल चुका है और खेती में विज्ञान को अपनाए बिना बेहतर उत्पादन संभव नहीं है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती, समन्वित कृषि प्रणाली और उन्नत तकनीकों के उपयोग से उत्पादन बढ़ाने के तरीके बताए।

### संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी

विषय वस्तु विशेषज्ञ प्रदीप कुजूर, डॉ. छत्रपाल सिंह पुहुप और डॉ. नागेंद्र कुमार ने किसानों को फसल प्रबंधन, उन्नत बीज, जैविक खेती और संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर ढैंचा और नील हरित शैवाल जैसे वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और लागत भी घटेगी।

## सोनगरा बाजार में टला बड़ा हादसा खड़ी बोलेरो बनी आग का गोला

**सोनगरा।** सोनगरा साप्ताहिक बाजार में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब बाजार के बीच खड़ी एक बोलेरो अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बोलेरो धू धू कर जलने लगी जिससे पूरे इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच कुछ ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन में बैठे मासूम को सुरक्षित बाहर निकाला जिससे एक बड़ी घटना टल गई।

जानकारी के अनुसार बोलेरो क्रमांक सीजी 14 एमसी 6286 जिसे चिकनी धरमपुर पार्ट बहरा निवासी रामजीवन आ. अर्जुन चला रहा था। चालक वाहन लेकर अम्बिकापुर से सोनगरा बाजार पहुंचा और वाहन को सड़क किनारे खड़ा गर सब्जी खरीदने चला गया जबकि वाहन में तीन वर्षीय मासूम तनुज आ.फिटुल मौजूद था। इसी बीच अचानक वाहन से धुआं निकलने लगा और कुछ ही क्षणों में बोलेरो आग के विशाल गोले में तब्दील हो गई। घटना का सबसे भयावह पहलू यह रहा कि वाहन के अंदर तीन वर्षीय मासूम तनुज आ. फिटुल मौजूद था। इधर वाहन में आग लगने से पहले जैसे ही लोगों की नजर गाड़ी पर पड़ी, ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए जान जोखिम में डालकर बच्चे को बाहर निकाला। ग्रामीणों की तत्परता और साहस से मासूम की जान बच गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में बोलेरो पूरी तरह जल गई। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटें विकराल रूप ले चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही भटगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया।

## खबर संक्षेप



### शंकरगढ़ में पेट्रोल-डीजल पहुंचते ही उमड़ी भीड़, वाहनों की लगी लंबी कतारें

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की किल्लत के बीच मंगलवार को बचवार स्थित पेट्रोल पंप में टैंकर पहुंचते ही बड़ी संख्या में वाहन चालकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पेट्रोल और डीजल भरवाने के लिए चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिससे कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल की कमी बनी हुई थी। पेट्रोल व डीजल नहीं मिलने से लोग परेशान थे। साथ ही लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मंगलवार को जैसे ही पेट्रोल पंप में टैंकर पहुंचा तो देखते ही देखते वाहन चालक बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए। बाइक, कार और अन्य वाहनों की लंबी लाइन लगने से आवागमन प्रभावित हुआ। तेज धूप के बीच घंटों इंतजार करना ग्राहकों के लिए परेशानी का कारण बना रहा। लोगों ने बताया कि ईंधन की कमी के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में नियमित रूप से पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### गायत्री शक्तिपीठ में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर प्रारंभ

**सूरजपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ सूरजपुर में 18 से 23 मई तक व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ मां गायत्री के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह शिविर युवाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विकास के साथ योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा तथा भारतीय संस्कृति से जुड़ी विभिन्न विधाओं की जानकारी सरल एवं सहज तरीके से दी जा रही है। शुभारंभ अवसर पर भोला प्रसाद अग्रवाल, शिवशंकर कुशवाहा, लोचन प्रसाद गुप्ता, पवन गर्ग, अवधेश गोयल, सोमनाथ, राकेश कुशवाहा, पवन सिंह एवं शिव शंकर साहू उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन हेतु शांतिकुंज हरिद्वार से श्रीमती किरण श्रीवास्तव, अरुण कुमार आर्य, राजेश देवांगन एवं श्रीमती संध्या प्रधान पहुंचे हैं। उनके मार्गदर्शन में युवाओं के व्यक्तित्व निखारने का क्रम निरंतर संचालित हो रहा है। शिविर अंतर्गत 20 मई को नगर में भव्य नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से युवा नशा मुक्त भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

### सरगुजा 30 कोचिंग हेतु चयन परीक्षा 23 को

**अम्बिकापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा सरगुजा 30 कोचिंग वर्ष 2026-27 हेतु कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 12वीं (जीव विज्ञान एवं गणित संकाय) में अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 23 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगी। जारी निर्देशानुसार सरगुजा जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत वे विद्यार्थी चयन परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने पूर्ववर्ती कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हों। कक्षा 9वीं हेतु कक्षा 8वीं, कक्षा 10वीं हेतु कक्षा 9वीं तथा कक्षा 12वीं (जीव विज्ञान एवं गणित संकाय) हेतु कक्षा 11वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। विद्यार्थियों को संबंधित अंकसूची की छायाप्रति एवं पालक की सहमति पत्र साथ लाना होगा। चयन परीक्षा केवल हिन्दी माध्यम में आयोजित की जाएगी तथा केवल हिन्दी माध्यम में अध्ययनरत विद्यार्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। विद्यार्थियों को विद्यालय गणवेश में उपस्थित होना होगा तथा अध्ययनरत विद्यालय से प्राचार्य द्वारा प्रमाणित परिचय पत्र अथवा आई-कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। सभी विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रातः 10:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करने कहा गया है। चयन परीक्षा के आधार पर कक्षा 9वीं हेतु 30 विद्यार्थियों, कक्षा 10वीं हेतु 10 विद्यार्थियों एवं कक्षा 12वीं हेतु 10 विद्यार्थियों का चयन मेरिट क्रम में किया जाएगा।

## पर्यटन मंत्री ने दिखाई हरीझंडी

# सरगुजा में नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा तथा मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ



हरी झण्डी दिखा कर रवाना करते मंत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- आपात स्थिति में मिलेगी त्वरित सहायता

बुधवार को सरगुजा में नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा' तथा मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ किया गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने हरीझंडी दिखाकर 12 आधुनिक डायल-112 वाहनों एवं मोबाइल फॉरेंसिक वैन को रवाना किया। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तकनीक आधारित सुशासन और नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा और मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ छत्तीसगढ़ में आधुनिक एवं त्वरित आपातकालीन सहायता व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एकड़े नंबर, सब्बो बर की भावना के साथ अब प्रदेशवासियों को पुलिस, मेडिकल, फायर और आपदा जैसी हर आपात स्थिति में एकीकृत एवं त्वरित सहायता उपलब्ध होगी। अत्याधुनिक तकनीकों से लैस यह व्यवस्था न केवल आपातकालीन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाएगी, बल्कि आम जनता का सुरक्षा व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि मोबाइल फॉरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक जांच संभव हो सकेगी, जिससे अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार आएगा तथा साक्ष्य आधारित न्याय प्रणाली को मजबूती मिलेगी। बता दें कि नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा 24×7 संचालित होगी। इसमें जीआईएस आधारित मॉनिटरिंग, एडवांस व्हीकल ट्रैकिंग एसआईपी ट्रंक टेक्नोलॉजी और ऑटोमेटिक कॉलर लोकेशन पहचान प्रणाली जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। राज्य के सभी 33 जिला समन्वय केंद्रों को भी इस नेटवर्क से जोड़ा गया है। नागरिक अब वॉयस कॉल, एसएमएस, ईमेल, वेब पोर्टल, व्हाट्सएप, चैटबॉट और एसओएस-112 इंडिया ऐप के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल सहित अन्य मौजूद थे।

### एक ही नंबर पर हर आपात स्थिति में त्वरित सहायता

'एकड़े नंबर, सब्बो बर' थीम पर आधारित यह आधुनिक सेवा पुलिस, अग्निशमन और चिकित्सा सेवाओं को एकीकृत करते हुए नागरिकों को एक ही नंबर पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराएगी। अब प्रदेशवासियों को पुलिस सहायता, मेडिकल इमरजेंसी, आगजनी, सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्पलाइन, आपदा प्रबंधन और हाईवे इमरजेंसी जैसी सेवाएं एकीकृत मंच पर उपलब्ध होंगी। इस सेवा के अंतर्गत अत्याधुनिक वाहनों में स्मार्टफोन, जीपीएस, वायरलेस सिस्टम, पीटीजेड कैमरा, डैश कैम, मोबाइल एनवीआर तथा सोलर बैकअप जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन तकनीकों की सहायता से घटनास्थल की लाइव मॉनिटरिंग, रियल-टाइम ट्रैकिंग और त्वरित संचार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### जिले में शुरू की गई इमरजेंसी डॉयल 112 की सुविधा दस वाहनों को विधायक ने दिखाई हरीझंडी

**बलरामपुर।** जिले में में इमरजेंसी सेवाओं के लिए डायल 112 की शुरुआत की गई। इस दौरान प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला पोर्ते ने जिले को प्रदान की गई 10 इमरजेंसी डॉयल 112 को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इसके साथ इस दौरान एसपी वैभव बैंकर ने बताया कि जिले में आमजन की सुरक्षा एवं त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित डायल 112 सेवा निरंतर प्रभावी रूप से कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। किसी भी आपातकालीन स्थिति जैसे फायर ब्रिगेड सेवा, सड़क दुर्घटना, एम्बुलेंस सेवा ,मारपीट, चोरी, महिला सुरक्षा, घरेलू विवाद, सड़क दुर्घटना अथवा अन्य संकट की स्थिति में आम नागरिक डायल 112 पर कॉल कर तत्काल बलरामपुर पुलिस से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि डायल 112 के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाती है तथा पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह सेवा 24 घंटे संचालित रहती है और जिले के सभी क्षेत्रों में सक्रिय है। उन्होंने आह्वान किया कि किसी भी आपात स्थिति में बिना घबराए डायल 112 पर संपर्क करें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही फर्जी अथवा अनावश्यक कॉल करने से बचें ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। इस दौरान डीएफओ आलोक बाजपेयी, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह, एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।



### मोबाइल फॉरेंसिक वैन से घटनास्थल पर ही होगी वैज्ञानिक जांच

प्रदेश में अपराध अनुसंधान को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 32 अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन अब घटनास्थल पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराएंगी। 32 वैन-32 जिले एक संकल्प- सटीक जांच, त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित यह पहल साक्ष्य आधारित न्याय व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगी। लगभग 65 लाख रूपए प्रति यूनिट लागत वाली इन मोबाइल फॉरेंसिक वैन में घटनास्थल संरक्षण किट, साक्ष्य संग्रहण एवं सीलिंग उपकरण, फिंगरप्रिंट डिटेक्शन सिस्टम, नार्कोटिक्स परीक्षण किट, डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट, उच्च गुणवत्ता फोटोग्राफी व्यवस्था, बुलेट होल स्क्रीनिंग एवं बैलिस्टिक जांच किट तथा गनशॉट रेजिड्यू परीक्षण किट जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब तक अपराध स्थल से साक्ष्यों को प्रयोगशालाओं तक पहुंचाने में समय लगने के कारण साक्ष्यों के दूषित होने और जांच रिपोर्ट में विलंब की संभावना बनी रहती थी। नई मोबाइल फॉरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही साक्ष्य संरक्षण, प्रारंभिक परीक्षण और डिजिटल दस्तावेजीकरण संभव हो सकेगा।



## ठेला गुमटी संचालकों पर कार्रवाई से उपजा विरोध, लोगों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- बड़े कब्जा धारियों के अतिक्रमण नहीं हटाने का आरोप,

नगर पंचायत द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किए जाने के बाद स्थानीय छोटे व्यवसायियों एवं नागरिकों में नाराजगी देखने को मिली। आरोप है कि नगर पंचायत की कार्रवाई केवल चना दुकान, ठेला एवं छोटे व्यवसाय करने वाले गरीब लोगों तक सीमित रही जबकि मुख्य मार्गों और सड़क किनारे बड़े पैमाने पर अतिक्रमण करने वाले रसूखदार व्यवसायियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले को लेकर पार्षद विश्वास गुप्ता सहित कई छोटे व्यवसायियों ने विरोध जताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में कई बड़े दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने स्थायी शेड लगा रखे हैं तथा सामानों को सड़क तक फैलाकर रखा जाता है, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसके बावजूद उन पर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होना दोहरे मापदंड को दर्शाता है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों पर ही सख्ती दिखा रही है। प्रभावित ठेला संचालकों ने बताया कि वे वर्षों से बस स्टैंड क्षेत्र में चना, नाश्ता एवं अन्य खाद्य सामग्री बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। कार्रवाई के दौरान उनके ठेले हटाए गए और कुछ ठेले क्षतिग्रस्त भी हो गए, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। व्यवसायियों का कहना है कि नगर पंचायत यदि चाहती तो पहले वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराकर व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने की व्यवस्था कर सकती थी। स्थानीय नागरिकों ने भी नगर पंचायत से मांग की है कि गरीब ठेला व्यवसायियों के साथ संवेदनशीलता बरती जाए तथा उनके रोजगार को सुरक्षित रखने के लिए उचित स्थान आवंटित किया जाए। साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सभी पर समान रूप से की जाए ताकि किसी वर्ग विशेष के साथ अन्याय की स्थिति उत्पन्न न हो। इधर शहर के व्यवसायियों को इन दिनों दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक ओर नगर पंचायत की कार्रवाई से छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर में चल रहे एनएच 343 सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शहर के अधिकांश हिस्सों में सड़क खोद दिए जाने से जगह-जगह गड्ढे और धूल का गुबार बना हुआ है। इससे आमजन के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग खरीदारी के लिए शहर आने से बच रहे हैं, जिसका सीधा असर स्थानीय व्यापार पर पड़ रहा है। ऐसे में नगरवासियों का सवाल है कि इस विषम परिस्थिति के बीच नगर पंचायत को आखिर इतनी जल्दबाजी में कार्रवाई करने की आवश्यकता क्यों पड़ी।

इस कार्रवाई को लेकर नगर पंचायत सीएमओ रविन्द्र लाल ने बताया कि राजपुर के बस स्टैंड में कई दुकानदार जो नगर पंचायत के दुकान लिए हुए हैं वे अपने दुकानों में दुकान संचालन नही करते और बेतरतीब तरीके से बस स्टैंड के वाटर एटीएम और सड़क के दोनो ओर अतिक्रमण कर दुकान संचालित कर रहे हैं। आए दिन दूर्घटना का अंदेशा बना रहता है ऐसे दुकानदारों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और जिसके पास दुकान नही है उन्हें चलित ठेला का प्रवधान दिया जाएगा जिससे उनकी जीविका आसानी से चल सकेगी। हमारी मन्सा किसी भी गरीब को परेशान करने या सताने का नही है।

# संदल चादर के साथ हुई सद्भावना ग्राम तकिया में उर्स की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कवि सम्मेलन के साथ होगा कव्वाली का मुकाबला



उर्स में शामिल समाज के लोग।

सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा बुरादशाह और हजरत बाबा मोहम्मद शाह के सालाना उर्स का बुधवार को आगाज हुआ। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा धूमधाम से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली गई। जुलूस उपरान्त मजार में चादरपोशी कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके साथ ही देश व दुनिया में अमन चैन और शांति की दुआ मांगी गई। वहीं उर्स के तहत कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन किया जाएगा।

बता दें कि सद्भावना ग्राम तकिया में 20, 21 व 22 मई को हजरत बाबा बुरादशाह और हजरत बाबा मोहम्मद शाह के सालाना उर्स का आयोजन किया गया है। इस उर्स को लेकर अंजुमन कमेटी द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। बुधवार को शाम सालाना उर्स की शुरुआत हुई। इस दौरान शहर के सदर रोड स्थित जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली गई। आतिशबाजी के साथ निकाली गई जुलूस में बड़ी संख्या में सभी धर्मों के लोग शामिल हुए और चादर को चूमकर दुआ मांगी। संदल चादर के साथ जुलूस सदर रोड, महामाया चौक, थाना चौक, बंगाली चौक होते हुए देर शाम तकिया पहुंची जहां संदल चादरपोशी की गई। इस दौरान समाज के लोगों ने देश में एकता, अमन चैन के और भाई चारे की दुआ मांगी। इसके साथ ही इस बार उर्स के मौके पर सद्भावना मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में कवि-कवियित्री प्रो. वसीम बरेलवी, मंजर भोपाली, राज कौशिक, नईम अखतर खादमी, अज्म शाकिरी, डॉ. नदीम शाद, फैज खलीलाबादी, अतुल अजनबी, मारूफ रायबरेली, डॉ. मेहताब आलम, खुशबू श्रीवास्तव, सुन्दर मालेगांवी, राधिका मित्तल, दीपक अग्रवाल, सुफियान काजी शामिल हो रहे है। वहीं 21 व 22 मई को ख्यातिप्राप्त अजीज नाजा और कव्वाला तमन्ना बानो के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा। इस दौरान सदर इरफान सिद्दीकी, नायब सदर मिन्हाजुल खान, अफजाल अंसारी, लतीफ खान, रिजवान, परवेज आलम गांधी, जावेद खान, बंटी सिद्दीकी, अनीफ खान, सिकंदर खान सहित अन्य उपस्थित थे।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री के नेतृत्व में किया विरोध प्रदर्शन



**सीतापुर।** बढ़ती महंगाई समेत अन्य मुद्दों के विरोध में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री के नेतृत्व में रैली निकाली जो मुख्य मार्ग से होते हुए साप्ताहिक बाजार पहुंची। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आज सभी मोर्चे पर विफल नजर आ रही है।

हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्र की यही मोदी सरकार कहती थी कि देशवासियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। देश के पर्याप्त मात्रा में ईंधन एवं रसोई गैस का भंडारण है लेकिन केंद्र सरकार की यह झूठ पकड़ी गई, आज पूरा देश ईंधन की कमी से जूझ रहा है। पेट्रोल डीजल की आपूर्ति के अभाव में पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें लगने लगी है वही कई पेट्रोल पंपो पर ताले लग गये है। उन्होंने कहा कि केंद्र की निकम्मी सरकार उद्योगपतियों के हाथों की कठपुतली बनकर रह गई है। सरकार की गलत नीतियों के कारण आज देश की माली हालत काफी खराब हो गई है। देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है चारो तरफ अराजकता का माहौल निर्मित होने लगा है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में महंगाई की मार झेल रही जनता को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव डॉ. लालचंद यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा, नपं अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर, संदीप गुप्ता, अरुण गुप्ता, सुनील मिश्रा, शिव गुप्ता, पंकज दुबे, बदरुद्दीन इराकी, विजय गुप्ता, मनसुख राम, मंटू गुप्ता, शरद गुप्ता, नरेश बघेल, सुखदेव भगत, राजू पणिकर, मनीषा पणिकर, नागेश्वर भगत, अनमोल लकड़ा, जमुना यादव, बॉबी वाधवा, दिलेश तिग्गा, संतोष गुप्ता, उमेश दास, गौरीशंकर समेत काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

## पहाड़ों और जंगलों से पत्ता तोड़कर ला रहे ग्रामीण

# हरा सोना बना ग्रामीणों की उम्मीद जिले में शुरू हुई तेंदूपत्ता की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



तेदूपत्त सूखाते ग्रामीण।

रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में रविवार से हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की खरीदी शुरू हो गई। वन परिक्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बनाए गए फड़ों में सुबह से ही ग्रामीण तेंदूपत्ता लेकर पहुंचने लगे। ग्राम पंचायत पुरानडीह के फड़ में पहले ही दिन करीब 40 संग्राहकों ने सीजन का पहला तेंदूपत्ता जमा किया। तेंदूपत्ता सीजन शुरू होते ही ग्रामीण इलाकों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ गई हैं और हजारों परिवारों के लिए यह रोजगार व आजीविका का बड़ा सहारा बन गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि तेंदूपत्ता तोड़ना आसान काम नहीं है। इसके लिए सुबह अंधेरा रहते ही परिवार के सदस्य जंगल और पहाड़ों की ओर निकल पड़ते हैं। कई किलोमीटर दूर जंगलों में पहुंचकर घंटों मेहनत करने के बाद वे तेंदूपत्ता तोड़ते हैं। उसके बाद पत्तों की गड्डियां बनाकर फड़ तक लाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार पूरा दिन मेहनत करने के बाद भी केवल सौ-दो सौ बंडल ही तैयार हो पाते हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण से ग्रामीण परिवारों को अच्छी आमदनी मिलती है। वर्तमान में तेंदूपत्ता का शासकीय दर 550 रुपए प्रति सैकड़ा निर्धारित है। यानी 100 बंडल पर 550 रुपए मिलते हैं। वहीं एक मानक बोरे की कीमत लगभग 5500 रुपए है। ग्रामीणों का कहना है कि खेती के साथ-साथ तेंदूपत्ता सीजन उनके परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाता है। पुरानडीह फड़ के मुंशी उमेश कुमार ने बताया कि रविवार से तेंदूपत्ता खरीदी शुरू कर दी गई है। ग्रामीण संग्राहक लगातार फड़ में पत्ता जमा कर रहे हैं। विभाग से मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार खरीदी की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शासकीय दर 550 रुपए सैकड़ा और 5500 रुपए प्रति मानक बोरा निर्धारित है। ग्राम केरवाशीला निवासी प्रदीप हलदार ने बताया कि वे पिछले दस वर्षों से तेंदूपत्ता तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। स्थानीय जंगलों में पर्याप्त पत्ता नहीं मिलने के कारण उन्हें दूरस्थ जंगलों तक जाना पड़ता है। वे अपने परिवार के साथ बछराज कुंवर सहित अन्य जंगल क्षेत्रों से तेंदूपत्ता तोड़कर पुरानडीह फड़ में जमा करते हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता सीजन से ग्रामीणों को अच्छी आर्थिक मदद मिलती है और यह ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण सहारा है।

इस संबंध में रामानुजगंज रेंजर डॉ. दिलरुबा बानो ने बताया कि वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता खरीदी का शुभारंभ हो चुका है। झारखंड सीमा से लगे क्षेत्र होने के कारण दूसरे राज्य से तेंदूपत्ता लाकर यहां बेचने की संभावना रहती है। इसे रोकने के लिए विभाग द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। वन परिक्षेत्र के चार सर्किलों के 12 संवेदनशील क्षेत्रों में बैरियर लगाए गए हैं, ताकि बाहरी राज्यों से लाया गया तेंदूपत्ता यहां खपाया न जा सके। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है और शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार खरीदी प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

# मुआवजे की मांग लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण एसडीएम की समझाइश पर समाप्त किया आंदोलन



**वाड्रफनगर।** धनवार अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट निर्माण के लिए दशकों पूर्व अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान करने की मांग लेकर प्रभावित किसानों ने चेकपोस्ट पर धरना प्रदर्शन किया।एसडीएम आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन को समाप्त कर दिया।

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि धनवार में अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की करीब 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था।जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है।

मुआवजा नहीं मिलने से प्रभावित परिवार लंबे समय से परेशान है। उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई, लेकिन अब तक भूमि का मुआवजा भुकतान अबतक नहीं किया गया जिससे प्रभावित परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन पर मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।सूचना पर एसडीएम मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली और जल्द समाधान कराने का भरोसा दिया।एसडीएम के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और धरना समाप्त कर दिया।एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं का नियमानुसार समाधान कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।



# कश्मीर की वादियों में शूटिंग कर रहे कार्तिक, कबीर के साथ फिर बनी जोड़ी

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। कार्तिक एक बार फिर 'चंदू चैंपियन' के बाद निर्देशक कबीर खान के साथ शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग इन दिनों जम्मू-कश्मीर में चल रही है। अब शूटिंग के सेट से कार्तिक आर्यन का एक वीडियो सामने आया है। इसमें कार्तिक सेट पर घूमते नजर आ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट से जो वीडियो सामने आया है, उसमें कार्तिक आर्यन सर्दी से बचने के लिए सिर पर कैप (टोपी) लगाए और कश्मीरी फेरन (बड़ा सा ओवरकोट) पहने नजर आ रहे हैं। कार्तिक सेट पर गंभीर मुद्रा में टहलते नजर आ रहे हैं। जबकि सेट पर फिल्म से जुड़े अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी कोई अधिक जानकारी सामने नहीं आई है।

लाइफ Style



# जैकलीन

## स्ट्रैपलेस ब्लैक मिनी ड्रेस में ढाया कहर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस साल 12 मई से शुरू हुआ कान फिल्म फेस्टिवल अब अपने समापन की तरफ है। यह फेस्टिवल 23 मई तक चलेगा। आलिया भट्ट से हुमा कुरैशी तक, कई भारतीय एक्ट्रेस ने इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के बाद जैकलीन फर्नांडीज भी कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की है। पिछले साल भी वह इस इवेंट में शामिल हुईं। इस बार कान फेस्टिवल में उनका लुक सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। जैकलीन फर्नांडिज ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कान फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें साझा की हैं। अलग-अलग दिलकश पोज देते हुए जैकलीन ने फोटो क्लिक करवाई हैं। जैकलीन ने स्ट्रैपलेस ब्लैक मिनी ड्रेस इस इवेंट के लिए पहनी है। इस हॉट ड्रेस में एक्ट्रेस को देखकर फैंस उन पर फिदा हो गए हैं। अपने इस लुक को और भी स्टनिंग बनाने के लिए जैकलीन ने स्माई आई मेकअप किया है। न्यूट्रल शेड की लिपस्टिक लगाई है। जैकलीन ने हेयरस्टाइल ना बनाकर बालों को खुला रखा है और ड्रेस के साथ डायमंड नेकलेस और मैचिंग डायमंड ब्रेसलेट पहना है। जैकलीन की दिलकश तस्वीरों को फैंस के अलावा दिशा पाटनी, सोनम बाजवा और अनुष्का दांडेकर जैसी एक्ट्रेस ने भी लाइक किया है। जैकलीन फर्नांडीज के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछले साल फिल्म 'फतेह' में नजर आईं। हाल ही में वह फिल्म 'हाउसफुल 5' में दिखीं।

हॉलीवुड मसाला



# डॉक्यूमेंट्री रिलीज पर हुईं भावुक

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार काइली मिनोग ने अपनी डॉक्यूमेंट्री 'काइली' में अपने जीवन से जुड़ी कई बड़ी बातों का खुलासा किया है। डॉक्यूमेंट्री के लॉन्च इवेंट पर काइली भावुक हो गईं। उन्होंने पूर्व में हुई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को याद किया और स्तन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से निजी तौर पर लड़ने के बारे में साझा किया। इस डॉक्यूमेंट्री में काइली ने बताया कि वो एक बार नहीं, बल्कि दो बार कैंसर से लड़ चुकी हैं। वह दूसरी बार 2021 में इस बीमारी से पीड़ित हुई थीं।



# जॉन ने जताई धुरंधर देखने की ख्वाहिश...

**लॉस एंजिल्स।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' के पहले और दूसरे दोनों पार्ट ने खूब धमाल मचाया है। देश ही नहीं, विदेशों तक इस फ्रेंचाईजी का हल्ला रहा। इस बीच हाल ही में हॉलीवुड एक्टर एक्टर जॉन क्रांसिस्की ने 'धुरंधर' देखने की ख्वाहिश जताई है। बता दें कि जॉन क्रासिंस्की इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जैक रायन- द घोस्ट' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म हाल ही में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। फिल्म में जॉन ने स्पाई की भूमिका अदा की है। उनका किरदार कुछ ऐसा ही है, जैसा फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' में रणवीर सिंह का है। रणवीर ने 'धुरंधर 2' में हमजा अली मजारी/ जसकीरत सिंह रंगी की भूमिका अदा की है, जो अपने देश की खातिर अपनी जिंदगी दांव पर लगा देता है। जॉन ने भारतीय सिनेमा को सबसे आधुनिक फिल्ममेकिंग में से एक बताया और इस इंडस्ट्री से आ रहे काम की तारीफ की।



# अली की फिल्म में अहान की एंट्री

**मुंबई।** अहान पांडे की रोमांटिक ड्रामा हिट फिल्म 'सैयारा' के बाद से ही फैंस उनकी आगामी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अहान जल्द ही पहली बार बड़े पर्दे पर एक अलग तरह के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे। अहान पांडे ने अपनी पहली ही फिल्म 'सैयारा' से बॉलीवुड में एक रोमांटिक हीरो के रूप में अपनी खास पहचान बना ली है। आज की युवा पीढ़ी उनकी दीवानी हो चुकी है। इस फिल्म से पहले अहान का एक वेडिंग डांस वीडियो यूट्यूब पर काफी वायरल हुआ था, जिसे 46 मिलियन (4.6 करोड़) से ज्यादा बार देखा गया। इस वीडियो में वह अलाना पांडे की शादी में अनन्या पांडे के साथ 'सात समुंदर पार' और अकेले 'आई एम द बेस्ट' गाने पर नाचते हुए दिखे थे।



# परिणीता की वजह से मिली है हैवान...

**नई दिल्ली।** सैफ अली खान इन दिनों फिल्म कर्तव्य'को लेकर सुर्खियों में हैं, जो ओटीटी पर रिलीज हुई है। इसके अलावा उनकी झोली में फिल्म हैवान है, जिसमें वे अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक प्रियदर्शन हैं। अक्सर कहा जाता है कि नींव मजबूत हो तो आगे की इमारत अपने आप मजबूत हो जाती है। यही बात इंसान की परफॉर्मेंस पर भी लागू होती है। शानदार काम ही भविष्य में और काम दिलाने में मददगार होता है। ऐसा ही किस्सा सैफ अली खान से जुड़ा है। अभिनेता को अपनी आगामी फिल्म 'हैवान' अपनी ही एक 20 साल पुरानी फिल्म 'परिणीता' में दमदार परफॉर्मेंस के कारण मिली। सैफ अली खान के मुताबिक, साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' में उनकी भूमिका और अभिनय ने उन्हें प्रियदर्शन की 'हैवान' दिलाने में मदद की।

टीवी मसाला



# केपटाउन में खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 जल्द ही शुरू होने वाला है। पिछले साल 15वां सीजन नहीं आ पाया था। अब दो साल के इंतजार के बाद शो शुरू होने के नजदीक है। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की अनाउंसमेंट काफी पहले ही हो चुकी है। साथ ही शो के सभी कंटेस्टेंट्स का नाम भी रिवील कर दिया गया है। हाल ही में, एक इवेंट में सारे खिलाड़ी एक साथ नजर आए थे। अब सभी केपटाउन भी पहुंच गए हैं। खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग साउथ अफ्रीका के केप टाउन में हो रही है। इस शहर में पहले भी शूटिंग हो चुकी है। एक बार फिर खिलाड़ी अपना इस शहर में खतरों से खेलेंगे। शो की शूटिंग भी शुरू हो गई है। स्टंट शो से जुड़े कंटेस्टेंट्स एक के बाद एक फोटोज केप टाउन से शेयर कर रहे हैं। रुबीना दिलैक ने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए एक ऐसा कैप्शन दिया था जो खतरों के खिलाड़ी 15 की ओर हिंट करता है। उन्होंने लिखा, "तूफान से पहले की शांति... अभी या कभी नहीं।" वहीं बाकी कंटेस्टेंट्स भी केप टाउन से तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर रहे हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड स्टंट शो के नए सीजन की खास बात यह है कि इस बार पुराने कंटेस्टेंट्स भी शो का हिस्सा हैं। इस बार खतरों से खेलने वाले कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में रुबीना दिलैक, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, रित्विक धनजानी, हर्ष गुजराल, ओरी, जैस्मिन भसीन, शगुन शर्मा, अविनाश मिश्रा, रुहानिका धवन, अविका गौर, विशाल आदित्य सिंह हैं।


## ट्रेन टिकट स्कैम का पर्दाफाश करेंगे मुन्ना भैया

**नई दिल्ली।** आम जनमानस की समस्याओं से जुड़ी कहानियों को सिनेमा में अक्सर दिखाया जाता रहा है, जिसमें कई किस्म की धांधली के किस्से भी शामिल हैं। वर्तमान में लोगों के लिए ट्रेन के तत्काल आरक्षित टिकट पाना भी एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में फिल्म सत्यप्रेम की कथा के निर्देशक समीर विद्वांस ने इस विषय पर वेब सीरीज वेटिंग है बनाई है। इस शो में अभिनेता दिव्येंदु शर्मा के साथ यशपाल शर्मा, भुवन अरोड़ा, कुमुद मिश्रा, हर्षिता गौर और विजय मौर्या जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में होंगे। वेटिंग है वेब सीरीज को जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर प्रदर्शित किया जाएगा। शो से जुड़े सूत्रों के अनुसार, शो की शूटिंग पूरी हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। यह शो तत्काल ट्रेन टिकट के आरक्षण में होने वाली धांधली पर आधारित है। माना जा रह है कि वेटिंग है सीरीज के निर्माताओं की तरफ से जल्द ही इस शो की रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।



# 'खुदा की एक महर है मुझ पर ट्रिगर दबाकर अफसोस नहीं करता'

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर उर्फ तारक ने मंगलवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म 'ड्रैगन' के मेकर्स ने फिल्म की एक झलक फैंस के साथ साझा की है। साढ़े 4 मिनट की इस फर्स्ट ग्लिम्प्स से फिल्म की कहानी के बारे में काफी कुछ अंदाजा लगाया जा सकता है। वैसे तो इस टीजर में काफी कुछ खास है पर सबसे ज्यादा खास है जूनियर एनटीआर की झलक, जिसने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। चार मिनट 29 सेकेंड के फर्स्ट ग्लिम्प्स में दिखाया गया है कि अंग्रेज भारत में आए तो मसालों और स्टील का कारोबार करने के लिए थे, लेकिन यहां उन्होंने अफीम और फिर हेरोइन की खेती करनी शुरू कर दी। वो यहां हेरोइन उगाते थे और पूरी दुनिया में इसका कारोबार करते थे। जब वो देश छोड़कर चले गए तो यहां हेरोइन के कारोबार के लिए संघर्ष होता रहा। फर्स्ट ग्लिम्प्स में जूनियर एनटीआर को एक विलेन के रूप में दिखाया गया है। वो अफगान ट्रेडिंग कंपनी के प्रमुख हत्यारे लूगर बने हैं। वह इतने खतरनाक रोल में हैं कि उन्हें पता नहीं कि उन्होंने अब तक कितने मर्डर किए हैं। मेकर्स ने उन्हें खुदा के हाथों बनाए शैतान की तरह



इंट्रोड्यूस किया। ट्रेलर में उनका एक डायलागॅ है, 'खुदा की एक महर है मुझ पर.. ट्रिगर दबाकर अफसोस नहीं करता।' वहीं, एक और सीन में वो कहते हैं, 'सोते वक्त सपने में उनकी शक्ल नहीं आती जिनको मारा है। सिर्फ उनकी आती है जो अभी तक बचे हैं। भटकते हुए भी मेरे सपनों में मत आ जाना..।' फिल्म 'ड्रैगन' एक पैन इंडिया फिल्म है, जो एक्शन से भरपूर होगी। इसका निर्देशन प्रशांत नील कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर अहम किरदार में हैं। फिल्म को बनाने में बड़ा बजट लगा है। यह फिल्म अगले साल यानी 11 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, इस फर्स्ट ग्लिम्प्स के अंत में अनिल कपूर की झलक सामने आती है। वो इसमें एक हीरो के रोल में हैं। फिल्म में अनिल, नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख रघुवीर राठौड़ के किरदार में नजर आएंगे। इसके अलावा बीजू मेनन और रुक्मिणी वसंत समेत कई कलाकार होंगे। इस फिल्म की झलक सामने आने के बाद से एनटीआर फिर चर्चा में हैं। वो इससे पहले भी कई फिल्मों में अपना लुक बदल चुके हैं। कभी वो फिट तो कभी फैंटास्टिक नजर आए हैं पर एक्टर का यह लुक तो जरूरत से ज्यादा लीन है। यहां वो कई सीन में पहचान में भी नहीं आ रहे।

# ऑफ कैंपस की एक्ट्रेस मिका ने दिलाई महिमा की याद...

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर आई नई सीरीज 'ऑफ कैंपस' इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। 13 मई को रिलीज हुई इस सीरीज को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। शो की लव स्टोरी और लीड एक्टर्स की केमिस्ट्री के अलावा एक और चीज ने फैंस का ध्यान खींच लिया है, और वो हैं एल्ली हेज का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मिका अब्दल्ला। सोशल मीडिया पर कई लोग मान रहे हैं कि मिका की शक्ल बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी से काफी मिलती-जुलती है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने शो का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'प्लॉट ट्विस्टः महिमा चौधरी की असली बेटी तो 'ऑफ कैंपस' में हैं।' इसके साथ उन्होंने महिमा की पुरानी



तस्वीरें भी शेयर कीं। इस पोस्ट के बाद फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे भी बिल्कुल यही लगा, वो महिमा चौधरी की कॉपी लगती हैं।' वहीं, दूसरे ने कहा, 'उसका साइड लुक बिल्कुल महिमा जैसा है।' एक और फैन ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'अगर हैना मॉन्टेना और महिमा चौधरी का बच्चा होता, तो शायद ऐसा दिखता।' कई लोगों ने तो उन्हें फिल्म परदेस वाली महिमा चौधरी का डुप्लीकेट तक बता दिया। बता दें कि मिका अब्दल्ला एक मशहूर अमेरिकी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'प्रोजेक्ट एमसी 2 से पहचान बनाई थी।

## बदनसीब बाप बने थे पृथ्वीराज, रामायण की मंथरा थी क्रूर सास

# 76 साल पहले दहेज प्रथा पर बनी थी पहली भारतीय फिल्म

*नई दिल्ली। हमारे देश में दहेज प्रथा सदियों से समाज का हिस्सा है। यह समाज का एक ऐसा अभिशाप है जिसने ना जाने कितनी बेटियों के सपनों और जिंदगियों को तबाह किया है। भले ही आज एआई का युग है और 21वीं सदी में हम जी रहे हैं, लेकिन दहेज की बेड़ियों से अबतक हम मुक्त नहीं हो पाए हैं। भारतीय सिनेमा ने समय-समय पर इस गंभीर मुद्दे को बड़े परदे पर उतारकर समाज को आईना दिखाया है। इसी का उदाहरण है वो फिल्म जो आज से करीब 76 साल पहले सिनेमा में आई थी।*



### कई सितारे आए फिल्म में नजर

इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में उन्होंने ठाकुर साहब का किरदार निभाया था। इसके अलावा फिल्म में उनकी बेटी के किरदार में दिखीं अभिनेत्री जयश्री। करण दीवान फिल्म में जयश्री के पति की भूमिका में दिखे। फिल्म में ललिता पवार भी नजर आईं, जिन्होंने एक बेहद ही क्रूर सास का किरदार निभाया था। वहीं, फिल्म में अभिनेता उल्हास ललिता पवार के पति की भूमिका में नजर आए थे। फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली थी।

### जब सिनेमा ने दिखाई दहेज प्रथा की कहानी

दहेज उस लालच का नाम है जो एक हंसती-खेलती बेटी के बाबुल का घर भी उजाड़ देता है और विदा होकर गई ससुराल में उसका दम भी घोंट देता है। साल 1950 में दहेज प्रथा पर एक फिल्म आई और फिल्म का नाम था 'दहेज'। शायद ये हिंदी सिनेमा की वो पहली फिल्म थी, जिसने समाज की उस कुरीति को उस दौर में उजागर किया था। लखनऊ की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म को महान फिल्ममेकर वी.शांताराम ने बनाया था। वी.शांताराम हमेशा से ही अलग तरह के सिनेमा के लिए जाने गए, लेकिन उन्होंने जब दहेज फिल्म बनाई तो इसकी भी खूब चर्चा हुई।

### क्या थी फिल्म की कहानी?

इस फिल्म की कहानी एक बूढ़े बाप की होती है, जो अपनी बेटी चंदा (जयश्री) की शादी एक वकील के बेटे के साथ कर दी जाती है। ससुराल पहुंचने पर, दहेज न लाने के कारण चंदा की सास (ललिता पवार) और परिवार के अन्य सदस्य उसे ताने मारते हैं और प्रताड़ति करने लगते हैं। इसके बाद उनकी बेटी की जिंदगी में कई मुश्किलें आती हैं। सास के अत्याचार से बेटी खूब परेशान रहती है। यहां तक कि परिवार वाले खुलकर मांगते हैं और उसे ज्यादा तंग करते हैं। हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि अंत में वकील की मौत हो जाती है और चंदा को उसकी मौत के लिए दोषी ठहराया जाता है। इस फिल्म में ललिता पवार ऐसी क्रूर सास बनीं, कि इस फिल्म के बाद उन्हें टाइपकास्ट कर दिया गया। उन्हें सिनेमा में फिर ऐसे ही निगेटिव रोल्स ज्यादा ऑफर किए गए। दहेज प्रथा पर इसके अलावा कई और फिल्में भी बनीं, जो आज भी चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

## खबर संक्षेप



### 112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कटेली।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में जनसेवा एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज महत्वपूर्ण पहल की गई। सारंगढ़, बिलाईगढ़ विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, कलेक्टर पद्मिनी साहू द्वारा हरी झंडी दिखाकर 112 नंबर जनसेवा वाहन को रवाना किया गया।

### दर्री शिविर में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**रायगढ़।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत खरसिया ब्लॉक के ग्राम दर्री में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना रहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष खरसिया राजकुमारी राठिया द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार एवं समाज को प्रभावित करता है, इसलिए सभी को मिलकर नशामुक्त समाज निर्माण के लिए आगे आना होगा। कार्यक्रम में एसडीएम खरसिया, तहसीलदार खरसिया, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकों सहित कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग रायगढ़ के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ली बिहान की पहली मीटिंग

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित बिहान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े सभी सदस्यों की पहली बैठक ली। उन्होंने गोडम, छिंद, सालर जैसे क्लस्टर के कार्यों, बैंक खातों में जमा राशिए अब तक प्राप्त राशि के उपयोगए ऑडिटए क्या करने का प्लान आदि के संबंध में स्व सहायता समूह की महिलाओ और अधिकारियो से जानकारी ली। कलेक्टर ने अपेक्षा अनुरूप कार्य संतोषजनक नहीं होने पर कहा किए बिहान से आजीविकामूलक बड़े बड़े कार्य सामूहिक रूप से किए जा सकते हैं। सरकार से प्राप्त राशि का शत प्रतिशत उपयोग आजीविकामूलक कार्यों में किया जाना है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आम नागरिकों को ...

शिकायत एवं निवारण प्रणाली एवं ग्राम पंचायतों में आवश्यक साफ-सफाई व्यवस्था के ऑनलाइन अनुश्रवण व प्रबंधन की प्रक्रिया। प्रशिक्षण के साथ ही कार्यशाला में उपस्थित कांसाबेल, जशपुर और बगीचा विकासखंड के सभी उपस्थित ग्राम पंचायत सचिवों के डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट की मैपिंग का कार्य भी शत-प्रतिशत सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। डिजिटल सिग्नेचर मैप होने से अब फाइलों का निपटारा त्वरित गति से होगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक/2664/वाचक-2/अपर कले./2026 जशपुर, दिनांक 18/05/2026

सर्व साधारण को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सिकन्दर एक्का पिता श्री ब्लासियुस एक्का, उम्र 29 वर्ष, जाति उरांव, पता ग्राम नकबार (दुदरूंगा), थाना कांसाबेल, तहसील कांसाबेल जिला जशपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कु.अंजली टोप्पो पिता श्री सहोद्रा टोप्पो, उम्र 26 वर्ष, जाति उरांव, पता ग्राम चरईडांड़, पोरतेंगा, थाना जशपुर, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) द्वितीय पक्ष ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.06.2026 को दोपहर 03:00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष के विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति करना हो तो निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 13.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.)**

### वित्त मंत्री ने निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

# शहर को आधुनिक और जनसुविधाओं से समृद्ध बनाने हो रहा प्रयास : ओपी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए कहा कि रायगढ़ शहर को सुव्यवस्थित, आधुनिक और जनसुविधाओं से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में अधोसंरचना विस्तार, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सुविधाओं और युवाओं के लिए बेहतर अवसरों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

वित्त मंत्री ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक 28 में विधायक मद से लगभग 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित साहू समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक भवन समाजों के लिए सामूहिक गतिविधियों, बैठकों, सांस्कृतिक आयोजनों एवं सामाजिक समन्वय का महत्वपूर्ण केंद्र बनते हैं। ऐसे भवनों से समाज के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न समाजों के लिए आवश्यक सामाजिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि समाज के लोग अपने कार्यक्रमों का संचालन सुविधाजनक ढंग से कर सकें। उन्होंने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और उपयोगिता को प्राथमिकता दी जा रही है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने साहू समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया और कर ले प्रभु से प्रीति नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### बाल उद्यान के जीर्णोद्धार से मिलेगा बेहतर माहौल

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक 21 श्रीराम कॉलोनी में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से लगभग 46 लाख रुपए की लागत से होने वाले बाल उद्यान जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत लैंडस्केपिंग, पौधरोपण, मुख्य द्वार, बाउंड्रीवाल, विद्युतीकरण, प्ले इक्विपमेंट, बेंच एवं अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्यान विकसित होने से क्षेत्र के बच्चों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा। साथ ही शहर में हरित क्षेत्र बढ़ने से पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नाली निर्माण से बेहतर होगी जल निकासी

इस अवसर पर रायगढ़ स्टेडियम के पीछे से श्रीराम कॉलोनी मोड़ तक लगभग 37.88 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। लगभग 580 मीटर लंबे इस नाली के निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शहर के कई क्षेत्रों में जल निकासी और अधोसंरचना से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मालीडीपा, बेलादूला एवं आसपास के क्षेत्रों में भी जल निकासी व्यवस्था मजबूत करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर काम चल रहा है।



# पीएम आवास और मनरेगा कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति, लंबित कार्यों तथा जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने योजनाओं की समीक्षा कर पीएम आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला स्तर के योजना प्रभारी अधिकारी, सभी जनपद पंचायतों के विकासखंड समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, उप अभियंता, तकनीकी सहायक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के तहत अप्रारंभ आवासों की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने योजनाओं एवं कामकाज की समीक्षा करते हुए विकासखंड स्तर के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित एवं अप्रारंभ आवासों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ कराया जाएए ताकि हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही प्रगतिरत आवासों को तय समय सीमा में पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायतवार और फील्ड नोडलवार जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मनरेगा के विभिन्न कार्यों और प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। एजेंडे के अनुसार पंचायतवार श्रमिक उपलब्धता, मानव दिवस सृजन, श्रमिकों के ई.केवाईसी, एनएमएमएस उपस्थिति, जियो टैगिंग, कार्य पूर्णता, जल संरक्षण संबंधी कार्यों तथा एबीपीएस खातों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण, कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग तथा फील्ड स्तर पर सतत निरीक्षण करने पर भी जोर दिया गया।

# गांव बस्ती में गंदे पानी का बहाव, चलना हुआ दूभर

**बरमकेला।** बरमकेला ब्लॉक के ग्राम धूमाभाटा में इन दिनों सड़क पर बह रही खुली नाली ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। गांव की मुख्य सड़क सहित कई गलियों में नाली का गंदा पानी खुलेआम बह रहा है, जिससे पूरे गांव में अस्वच्छता का माहौल बन गया है। गर्मी के मौसम में जहां लोग साफ सफाई और स्वच्छ वातावरण की उम्मीद करते हैं, वहीं धूमाभाटा में हालात ऐसे हैं मानो लगातार बारिश हुई हो। सड़क पर फैले गंदे पानी और कीचड़ के कारण लोगों का चलना तक मुश्किल हो गया है।



ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से गांववासी इससे जूझ रहे हैं। नालियों की उचित व्यवस्था और, निकासी व्यवस्था कमजोर होने तथा कई जगह नालियों के क्षतिग्रस्त होने के कारण गंदा पानी सीधे सड़क पर फैल रहा है। गांव के बीचोंबीच बह रही नाली अब लोगों की दिनचर्या को प्रभावित करने लगी है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और राहगीरों को हो रही है। कई बार लोग गिरते-गिरते बचते हैं। दोपहिया वाहन चालकों को भी सड़क पर जमा पानी के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम के समय स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, क्योंकि बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। गांव के लोगों का कहना है कि सड़क पर लगातार बह रहे गंदे पानी से दुर्गंध फैल रही है। नाली के पानी में कचरा और गंदगी जमा होने से वातावरण दूषित हो रहा है। कई घरों के सामने पानी जमा रहने के कारण लोगों को अपने घरों के बाहर बैठना तक मुश्किल हो गया है। गांव की सड़कें पानी से भरी दिखाई दे रही हैं। इससे गांव की स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार पंचायत और संबंधित विभाग को समस्या की जानकारी दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालियों की सफाई, मरम्मत और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द स्थायी समाधान किया जाए, जिससे गांव में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो सके और लोगों को संक्रमण के खतरे से राहत मिल सके। इस संबंध में ग्राम पंचायत धूमाभाटा के सरपंच प्रमोद भट्ट ने बताया कि गांव में पानी की निस्तारी की समस्या बनी हुई है।

# टिमरलगा में भाजपा के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन

**कटेली।** जनता पार्टी जिला सारंगढ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ सोमवार को टिमरलगा में भव्य किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं जिलेभर से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। आयोजन स्थल पर पूरे दिन संगठनात्मक गतिविधियों एवं वैचारिक सत्रों का उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।



कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चलचित्र में दीप प्रज्वलित कर प्रदेश एवं संगठन की सुख समृद्धि तथा कार्यकर्ताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रथम सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने प्रशिक्षण वर्ग का महत्व कार्य पद्धति विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रसेवा और अंत्योदय के सिद्धांतों पर कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरुषों ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए संगठन की मजबूत नींव रखी। द्वितीय सत्र में प्रदेश संगठन से हितानंद अग्रवाल ने विचार परिवार विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए संगठन की कार्यशैली, अनुशासन एवं बूथ सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। तृतीय सत्र में अध्यक्ष राज्य खाद्य आयोग संदीप शर्मा ने देश के समक्ष चुनोती विषय पर खुल कर कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान किया।

# ईंधन बचाने ई-रिक्शा से दफ्तर पहुंचे जिला पंचायत अध्सक्ष

**कटेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाओ अभियान की अपील का जमीनी असर अब सारंगढ़ में भी देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री की इसी दूरदर्शी सोच से प्रेरित होकर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय वीआईपी संस्कृति और सरकारी चमचमाती गाड़ियों को दरकिनार कर ई रिक्शा में सवार होकर अपने नियमित कामकाज के लिए जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे। उनकी इस सादगी और सकारात्मक कदम ने आम जनता को एक बड़ा संदेश दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने वर्तमान समय में लगातार गहराते वैश्विक ईंधन संकट पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों, प्रबुद्ध जनों के साथ साथ शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों से भी देशहित और पर्यावरण हित में ईंधन की बचत करने का विशेष आग्रह किया। मीडिया से चर्चा करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ईंधन बचाओ अभियान सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य को सुरक्षित रखने का मूलमंत्र है।

# सुशासन तिहार में हितग्राहियों को मिला भवन अनुज्ञा, राशन कार्ड

**सरिया।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों को भवन निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा एवं राशन कार्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, उपाध्याय अरुण शराप, पार्षद मोती स्वर्णकार, पिंटू मेहर, तीर्थ सिदार, राजू प्रधान, पूजा शराप, पूर्णिमा साव, शत्रुघ्न प्रधान, आशुतोष स्वर्णकार, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी सी एम ओ लाल सिंह मरकाम एवं प्रशासनिक



अधिकारियों की उपस्थिति में हितग्राही को स्वीकृति पत्र सौंपा गया। यह पहल शासन की जनहितकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक सरलता एवं पारदर्शिता के साथ पहुँचाने का उत्कृष्ट उदाहरण है। सुशासन तिहार का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें शासन की सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान करना है। सुशासन हमारी पहचान समाधान हमारा संकल्प है। सहयोग हमारी ताकत, सशक्त नागरिक सशक्त सरिया हमारा संकल्प है।

# अग्रोहा धाम में भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का आगाज

**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण महाअभियान का मंगलवार को अग्रोहा धाम में भव्य आगाज हुआ। सत्ता नहीं, राष्ट्र-निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हुए इस वैचारिक महाकुंभ में पहले दिन सुबह से ही कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। सुबह 9 बजे से ही अग्रोहाधाम में डिजिटल पंजीयन को लेकर कार्यकताओं में गहमा गहमी नजर आई।




अतिथियों के आगमन और स्वागत के बाद स्थानीय वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी प्रमुख अनुपम पाल एवं उनकी टोली ने अतिथियों को भाजपा के सफर, विचारधारा, पं. दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' से लेकर डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों तक की झलक दिखाई। प्रथम सत्र पूरी तरह वैचारिक ऊर्जा से भरा रहा। दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के साथ सत्र शुरू हुआ। स्थानीय उत्सव परंपरा से स्वागत-अभिनंदन के बाद वरिष्ठ नेताओं ने प्रशिक्षण वर्ग का महत्व और देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियां' विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करने वाले प्रमुख नेताओ में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा भाजपा के लिए सत्ता लक्ष्य नहीं बल्कि सत्ता हासिल करने के बाद अंतिम पंक्ति में खड़े लोगो के लिए सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं को पहुंचाना है। कार्यकर्ताओं को सत्ता हासिल करने की रीढ़ निरूपित करते हुए उन्होंने कहा आज सामने बैठे कार्यकताओं में भविष्य के नेता भी है।

### भाजपा के आयोजन में संगठन साहित्य की बहार

भाजपा के दो दिवसीय आयोजन में संगठन साहित्य के विक्रय हेतु विभिन्न पुस्तकें उपलब्ध थीं, जिन्हें न्यूनतम मूल्य में उपलब्ध कराया गया। इन पुस्तकों में परिवार प्रबोधन, पुण्यभूमि भारत, डॉ भीमराव अंबेडकर, विनायक दामोदर सावरकर, विभाजन विभीषिका, यशस्वी भारत, हा हम हिन्दू है, राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अंतिम यात्रा, भगवा ध्वज, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन यात्रा, हिंदुत्व एक जीवन पद्धति, अमर सेनानी सावरकर, डॉ हेडगेवार परिचय एवं व्यक्तित्व शामिल थीं।

# इंद्रा पेट्रोलियम प्वाइंट में प्रशासन ने दी दबिश

**छाल।** उपभोक्ताओं के हितों से खिलवाड़ और नियमों की अनदेखी करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। छाल तहसील के ग्राम हाटी स्थित इंद्रा पेट्रोलियम प्वाइंट पर राजस्व, खाद्य और नापतौल विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश दी। निरीक्षण के दौरान पंप में भारी अनियमितताएं पाए जाने पर अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीजल टंकी के एक नोजल को सील कर दिया है।

तहसीलदार, नापतौल निरीक्षक और खाद्य निरीक्षक की संयुक्त टीम जब जांच के लिए पहुंची तो वहां का नजारा हैरान करने वाला था। सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माने जाने वाले सीसी कैमरे बंद पड़े थे। इसके अलावा, पंप प्रबंधन द्वारा बिक्री से जुड़ा कोई भी रिकॉर्ड रजिस्टर संधारित नहीं किया जा रहा था और न ही मौके पर ऑनलाइन ऑटोमेशन रिकॉर्ड उपलब्ध मिला। इन गंभीर लापरवाहियों और अनियमितताओं को देखते हुए संयुक्त टीम ने सख्त रुख अपनाया। अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डीजल टंकी के दो नोजल में से एक नोजल को सील कर दिया।

### अधिकारियों ने दी चेतावनी

उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्रशासन बेहद गंभीरता से ले रहा है। नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में भी किसी प्रतिष्ठान के खिलाफ शिकायतें सही पाई जाती हैं तो इससे भी अधिक दंडात्मक और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





